Bareilly, Thursday,
23 April 2026
BAREILLY EDITION
Price ` 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

क्वार्टर फाइनल में पहुंचे SR, चाइल्ड केयर, हार्टमैन व APS टीम

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (22 April) : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सत्र दो के दूसरे दिन एसआर इंटरनेशनल स्कूल, चाइल्ड केयर बिशप कोनराड स्कूल, हार्टमैन कालेज और आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग ने जीत कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. वहीं, डीपीएस, सोबती पब्लिक स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग मंगलवार को ही अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित कर चुके हैं. चारों क्वार्टर फाइनल मैच गुरुवार को खेले जाएंगे.

एसआरएमएस फुटबाल स्टेडियम में ग्रुप बी के चौथे मैच में एसआर इंटरनेशनल स्कूल और वेदी इंटरनेशनल स्कूल की टीमें आमने सामने आईं. वेदी के तेगप्रीत सिंह ने 5वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन एसआर के हमजा ने 8वें मिनट में गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया. हमजा ने 14वें और 28वें मिनट में गोल कर अपनी टीम 3-1 से बढ़त दिलाई. एसआर के वाहिद ने 49वें मिनट में गोल कर टीम को दो के मुकाबले 4 गोल पर पहुंचाया. यह बढ़त अंत तक कायम रही और एसआर ने दो के मुकाबले 4 गोल से मैच जीत लिया. पांचवां मैच चाइल्ड केयर बिशप कोनराड स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल विंग के बीच हुआ. निर्धारित समय तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं. टाईब्रेकर में पहुंचे मैच में चाइल्ड केयर ने 3 और विद्या वर्ल्ड ने 2 गोल किए, नतीजा चाइल्ड केयर ने 3-2 से मैच जीत लिया. छठा मैच सेक्रेड हार्ट्स और हार्टमैन के बीच हुआ. हार्टमैन के काव्यांश खन्ना ने 11वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई. फहद खान ने 38वें मिनट और अभिषेक आहूजा ने 39वें मिनट में 1-1 गोल कर बढ़त को 3-0 कर दिया. सेक्रेड हार्ट की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और हार्टमैन ने 3-0 से मुकाबला अपने नाम किया. सातवां मैच आर्मी स्कूल जूनियर विंग और जीआरएम के बीच खेला गया. एपीएस जूनियर विंग ने 2-0 गोल से जीआरएम पर जीत हासिल की.